हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 4 नवंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 नवागत एसपी अमित सक्सेना ने ली एसडीओपी व थाना प्रभारियों...



08 कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर रूपसिंह पंवार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए



इटारसी के रियल एस्टेट में नई पहचान बना रही 100 एकड़ की 'एलकेजी द ग्रैंड एवेन्यू', तीन फेज की ऐतिहासिक सफलता के बाद चौथे चरण का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

बिजनेस न्यूज

1000 से अधिक परिवारों का भरोसा, करीब 4000 सदस्यों की मौजूदगी; आधुनिक आवासीय विकास के साथ इटारसी में आकार ले रहा है एक नया प्रीमियम लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन

किसी भी शहर के विकास की कहानी केवल बड़ी इमारतों और चौड़ी सड़कों से नहीं लिखी जाती, बल्कि उन दूरदर्शी परियोजनाओं से लिखी जाती है, जो आने वाली पीढ़ियों के जीवन को बेहतर बनाने का सपना देखती हैं। इटारसी में लगभग 100 एकड़ के विशाल क्षेत्र में विकसित हो रही 'एलकेजी द ग्रैंड एवेन्यू' आज इसी बदलती सोच और आधुनिक आवासीय विकास का एक प्रमुख उदाहरण बनकर सामने आई है। तीन सफल चरणों का सफर पूरा कर चुकी यह विशाल आवासीय परियोजना अब चौथे फेज के साथ विकास के नए अध्याय में प्रवेश कर रही है। 1000 से अधिक परिवारों का इससे जुड़ना और लगभग 4000 सदस्यों का यहां का हिस्सा होना इस परियोजना के प्रति लोगों के विश्वास और स्वीकार्यता को दर्शाता है। इटारसी जैसे तेजी से विकसित होते शहर में इतनी बड़ी आवासीय परिकल्पना का साकार होना अपने आप में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

आधुनिक शहर की परिकल्पना

एलकेजी द ग्रैंड एवेन्यू की पहचान इसकी विशालता और सुनियोजित विकास की सोच से जुड़ी है। लगभग 100 एकड़ में फैली यह परियोजना केवल आवासीय प्लॉट विकसित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि एक ऐसे व्यवस्थित परिवेश की परिकल्पना करती है, जहां परिवारों को आधुनिक जीवनशैली, खुलापन और बेहतर सामाजिक वातावरण का अनुभव मिल सके।



चौड़ी सड़कें, नियोजित लेआउट

व्यवस्थित इन्फ्रास्ट्रक्चर और आधुनिक आवासीय सुविधाओं की अवधारणा इसे सामान्य कॉलोनियों से अलग पहचान देती है। मेट्रो सिटी की प्रीमियम टाउनशिप जैसी सोच को अपने शहर इटारसी में साकार करने की दिशा में यह एक उल्लेखनीय प्रयास है।

भरोसे की सबसे बड़ी पहचान

किसी भी आवासीय परियोजना की वास्तविक पहचान उसके विज्ञापनों से नहीं, बल्कि उससे जुड़ने वाले परिवारों से बनती है। एलकेजी द ग्रैंड एवेन्यू के तीन चरणों की सफलता और 1000 से अधिक परिवारों का जुड़ाव इसकी यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। करीब 4000 सदस्यों का इस आवासीय समुदाय से जुड़ना बताता है कि इटारसी में अब आवासीय प्रॉपर्टी को लेकर लोगों की प्राथमिकताएं बदल रही हैं। लोग केवल प्लॉट खरीदने के बजाय ऐसी जगह को महत्व दे रहे हैं, जहां वे अपने परिवार के साथ एक व्यवस्थित और बेहतर जीवन की शुरुआत कर सकें। यहां हर परिवार का अपना सपना है। किसी के लिए यह बच्चों के भविष्य का आधार है, किसी के लिए अपने सपनों का घर बनाने की शुरुआत और किसी के लिए जीवनभर की मेहनत से अर्जित पूंजी को एक संपत्ति में बदलने का निर्णय। यही भावनात्मक जुड़ाव किसी भी आवासीय समुदाय को खास बनाता है।

बदलते इटारसी की नई पहचान

इटारसी अपनी व्यावसायिक, भौगोलिक और सामाजिक पहचान के लिए पहले से ही महत्वपूर्ण शहर रहा है। अब आधुनिक आवासीय परियोजनाएं भी इसके विकास की कहानी में नया अध्याय जोड़ रही हैं। लगभग 100 एकड़ में फैली एलकेजी द ग्रैंड एवेन्यू इसी बदलते स्वरूप की एक बड़ी तस्वीर प्रस्तुत करती है। तीन चरणों की सफलता, हजारों परिवारों का जुड़ाव और चौथे चरण की शुरुआत इस परियोजना की अब तक की यात्रा को खास बनाती है।

3 सफल फेज के बाद चौथे फेज में प्रवेश, बुकिंग प्रारंभ

एलकेजी द ग्रैंड एवेन्यू की अब तक की यात्रा तीन सफल चरणों के साथ आगे बढ़ी है। इन चरणों में मिले प्रतिसाद के बाद अब चौथे फेज की बुकिंग प्रारंभ कर दी गई है। नए चरण के साथ उन परिवारों के लिए भी अवसर खुला है, जो इस विकसित होते आवासीय समुदाय से जुड़कर अपने सपनों का घर बनाना चाहते हैं। जो लोग इटारसी में आवासीय प्लॉट की तलाश कर रहे हैं, उनके लिए यह परियोजना देखने और इसकी लोकेशन, उपलब्ध प्लॉट, विकास कार्यों तथा संबंधित दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त करने का एक अवसर है। बड़े महानगरों की प्रीमियम टाउनशिप और आधुनिक आवासीय परियोजना अब इटारसी में भी आकार ले रही है।

खबर संक्षेप

मैच रेफरी पैनल में संभाग के 4 सदस्य चयनित

नर्मदापुरम। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा प्रदेश की विभिन्न क्रिकेट प्रतियोगिताओं के सफल संचालन हेतु आगामी तीन वर्षों के लिए मैच रेफरी का पैनल तैयार किया गया है। इंदौर में आयोजित चयन प्रक्रिया एवं परीक्षा में नर्मदापुरम डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के चार सदस्यों ने सफलता प्राप्त कर मैच रेफरी के रूप में कार्य करने की पात्रता हासिल की है।चयनित सदस्यों में प्रदीप सिंह तोमर, अनिल दीक्षित, कृष्ण गोपाल शर्मा एवं माधव हर्णे शामिल हैं।

कबड्डी स्पर्धा में एनईएस की शानदार जीत

नर्मदापुरम। मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय, नर्मदापुरम में किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एनईएस महाविद्यालय एवं शासकीय महाविद्यालय टिमरनी की टीमों के मध्य खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं खेल भावना का परिचय दिया। रोमांचक मुकाबले में एनईएस की टीम ने जीत दर्ज की।

3200 किग्रा महुआ लाहन, 40 लीटर कच्ची मदिरा व सामग्री जब्त

अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की सघन कार्रवाई, 11 प्रकरण किए दर्ज

आबकारी विभाग ने इटारसी एवं विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कुल 11 प्रकरण दर्ज किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार सघन गश्त एवं दबिश की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग ने औद्योगिक क्षेत्र इटारसी एवं इटारसी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कुल 11 प्रकरण दर्ज किए तथा 3200 किलोग्राम महुआ लाहन और 40 लीटर कच्ची हाथभट्टी मदिरा जब्त की। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 3 लाख 28 हजार रुपये आंकी गई है।



शहर में और भी कार्रवाई की दरकार

जिले में अवैध शराब का करोबार बहुत फल फूल रहा है। ऐसे में पुलिस की यह कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। अभी पुलिस को ओर अधिक कार्रवाई की दरकार है।

जंगलों में दी दबिश, 4 प्रकरण बनाए

आबकारी विभाग द्वारा वृत औद्योगिक क्षेत्र इटारसी के अंतर्गत ग्राम पंडारी, कांडईकला, महोनाडोब, जमईकला एवं फंटूखेड़ी के जंगलों में सघन गश्त एवं दबिश दी गई। इस दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत 4 प्रकरण कायम किए गए। कार्रवाई में लगभग 1700 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 20 लीटर कच्ची हाथभट्टी मदिरा जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 74 हजार रुपये आंकी गई है।

जारी रहेगी कार्रवाई



इसके तहत राष्ट्रीय एवं अन्य राजमार्गों से गुजरने वाले संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही है। कलेक्टर द्वारा आबकारी विभाग के सभी वृत अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से वाहन जांच करने, अवैध मदिरा का परिवहन करने वाले वाहनों को पकड़कर नियमानुसार प्रकरण दर्ज करने तथा विभागीय अमले को लगातार गश्त करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन से संबंधित सूचनाएं एकत्रित कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

इटारसी के मेहरागांव में बनाए 7 प्रकरण

इटारसी शहर के अंतर्गत सूरजगंज, नाला मोहल्ला, बालाजी मंदिर मेहरगांव एवं ग्वालबाबा इटारसी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 7 प्रकरण दर्ज किए गए। इन प्रकरणों में लगभग 1500 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 20 लीटर कच्ची मदिरा जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 54 हजार रुपये है। जिला आबकारी अधिकारी श्री राजीव द्विवेदी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा। विभागीय अमले द्वारा रात्रिकालीन गश्त एवं वाहन जांच अभियान भी चलाया जा रहा है।

दुकान से सोना लेकर फरार होने वाली महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम में एक महिला ग्राहक बनकर सराफा दुकान पहुंची। उसने चर्म रोग का बहाना बनाकर चेहरा स्कार्फ से ढंक रखा था। जेवर देखने के बहाने उसने व्यापारी को दुकान के बेसमेंट में बने स्टोर रूम में भेजा। बाहर से दरवाजा बंद कर दिया।

इसके बाद काउंटर की दराज से सोने-चांदी के जेवरों के डिब्बे चुराकर भाग गई। घटना 2 नवंबर की है। पुलिस ने करीब 250 CCTV कैमरों के फुटेज खंगालकर आरोपी महिला चाहत मंसूरी उर्फ मुस्कान लोट (28), निवासी इटारसी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 65 लाख रुपए कीमत के 450 ग्राम सोने के जेवर बरामद किए गए। महिला इटारसी में भी इसी तरह की वारदात कर चुकी है।

2 नवंबर को महिला सराफा बाजार स्थित राज ज्वेलर्स पहुंची। उसने चेहरे पर स्कार्फ बांध रखा था। चर्म रोग का बहाना बनाकर स्कार्फ हटाने से मना कर दिया। उसने पहले मंगलसूत्र का पेंडल देखा। इसके बाद ATM से पैसे लाने का कहकर दुकान से चली गई।उ करीब 15 मिनट बाद वह दोबारा आई। कान के टॉप्स दिखाने को कहा। व्यापारी आशीष जैन टॉप्स लेने बेसमेंट के स्टोर रूम में गए। इसी दौरान महिला ने बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। फिर काउंटर की दराज से सोने-चांदी के जेवरों के डिब्बे उठाए और भाग गई। पूरी घटना दुकान के CCTV कैमरे में कैद हो गई।

चोरी की सूचना पर एसडीओपी जितेंद्र पाठक और कोतवाली टीआई गौरव सिंह बुंदेला मौके पर पहुंचे। एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने एसडीओपी के नेतृत्व में अलग-अलग टीमें बनाईं। पुलिस ने दुकान और आसपास के रास्तों के करीब 250 CCTV कैमरों के फुटेज देखे। तकनीकी साक्ष्य भी जुटाए। इटारसी में पहले हुई इसी तरह की वारदात के फुटेज भी खंगाले गए। इससे संदिग्ध महिला की पहचान हुई। पुलिस टीम इटारसी पहुंची और घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम चाहत मंसूरी उर्फ मुस्कान लोट (28), निवासी चर्च के पीछे खेड़ा, इटारसी बताया। उसने चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उसके पास से चोरी के सभी जेवर बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

शिकायतकर्ता के साथ मानवीय और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाएं : पुलिस अधीक्षक शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नवागत पुलिस कप्तान दीपक कुमार शुक्ला द्वारा पुलिस अधीक्षक दिशा-निर्देश दिए गए। सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय की समस्त शाखाओं का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं के प्रभारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा शाखाओं में संचालित कार्यों की जानकारी लेकर कार्यप्रणाली की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया गया कि पुलिस कार्यालय में आने वाले प्रत्येक शिकायतकर्ता के साथ मानवीय एवं संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाया जाए। शउन्होंने साइबर शाखा को साइबर अपराधों से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने तथा गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन की शिकायतों में प्रभावी प्रयास कर मोबाइल फोन की रिकवरी सुनिश्चित करने एवं बरामद मोबाइल उनके वास्तविक आवेदकों को वापस दिलाने के निर्देश दिए। इसी क्रम में महिला शाखा को महिला संबंधी अपराधों में त्वरित एवं प्रभावी वैधानिक कार्रवाई करने, जिला विशेष शाखा को अपने दायित्वों का तत्परता से निर्वहन करने तथा समंस-वारंट शाखा को समंस एवं वारंटों की तामीली की कार्रवाई में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया गया।

डॉ. जी. तिवारी ने मशरूम इकाई का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, पवारखेड़ा में स्थापित मशरूम उत्पादन एवं प्रदर्शन इकाई का पादप शरीर क्रिया विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जी. तिवारी ने भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मशरूम उत्पादन की विभिन्न गतिविधियों, उत्पादन तकनीक तथा विद्यार्थियों के लिए संचालित प्रायोगिक प्रशिक्षण का अवलोकन किया। डॉ. तिवारी ने मशरूम उत्पादन इकाई की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी इकाइयाँ कृषि विद्यार्थियों में व्यावहारिक कौशल, स्वरोजगार एवं उद्यमिता विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को मशरूम उत्पादन तकनीक को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझने एवं इसे व्यावसायिक रूप से अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। भ्रमण के दौरान डॉ धनंजय कठल मशरूम यूनिट प्रभारी भी उपस्थित रहे।

समिति ने शासकीय स्कूल के बच्चों को बांटी स्वेटर के साथ पाठ्य सामग्री, मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



ग्वालटोली की जानी मानी नमामि नर्मदे सेवा समिति द्वारा शासकीय स्कूल के बच्चों के प्रति एक अभिनव पहल करते हुए उन्हें कई सामग्री प्रदान की गई है। समिति के अध्यक्ष रोहित यादव ने बताया कि समिति सदस्य आकाश यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शासकीय हाईस्कूल ग्वालटोली में पढ़ने वाले बच्चों को ठंड के मौसम को देखते हुए गरम स्वेटर, पाठ्य सामग्री कापी, पेन, पेंसिल वितरित की गई है। कार्यक्रम में समिति संरक्षक विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, स्कूल की प्राचार्य आशा मांडले, शिक्षक मनोज कुमार शुक्ला सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और शिक्षक उपस्थित थे। समाजसेवी नितिन यादव, पहलवान मनीष निगोटे, ब्रज यादव, रिषभ निगोटे, दिनेश यादव आदि मौजूद रहे।

उल्लास कार्यक्रम के विजेताओं को किया गया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

न्यायालयीन कार्यों की व्यस्तता के बीच अधिकारियों, कर्मचारियों और अधिवक्ताओं में आपसी समन्वय, सहयोग एवं सकारात्मक वातावरण विकसित करने के उद्देश्य से संचालित 'उल्लास – एक अभिनव प्रयोग' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। तहसील विधिक सेवा समिति इटारसी एवं रोटरी क्लब इटारसी के संयुक्त तत्वावधान में न्यायालय परिसर में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश इटारसी एवं तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष आदित्य रावत ने कहा कि न्यायालयीन कार्यों की व्यस्तता के बीच इस तरह की गतिविधियां सभी को एक-दूसरे के साथ आत्मीयता से जुड़ने का अवसर देती हैं।

30 नवंबर तक राष्ट्रीय डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान

80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनर्स को घर पर ही मिलेगी सुविधा कल से लगेंगे विशेष शिविर, इटारसी में भी होगी नि:शुल्क जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रेलवे पेंशनर्स की सुविधा एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए 30 नवंबर तक राष्ट्रीय डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान-5 का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत पेंशनर्स को डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र ऑनलाइन जमा करने की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष प्रदर्शन एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

साथ ही पेंशनर्स के स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इन शिविरों का उद्देश्य पेंशनर्स को डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने की प्रक्रिया से अवगत कराना, उन्हें बैंकिंग एवं डिजिटल सुविधाओं का लाभ दिलाना तथा उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।शिविरों में पेंशनर्स को डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र ऑनलाइन अपलोड करने का प्रत्यक्ष प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा।



बैंकिंग सुविधाओं के लिए भी लगेंगे विशेष शिविर

पेंशनर्स को बैंकिंग संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न बैंकों के सहयोग से भी विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। 10 नवंबर इटारसी में भारतीय स्टेट बैंक में शिविर लगेगा। रेल प्रशासन द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनर्स की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए क्षेत्रीय कल्याण निरीक्षकों को प्रत्येक मंगलवार को पेंशनर्स के घर जाकर उनसे संपर्क करने एवं उनकी समस्याओं के निराकरण में सहायता करने के निर्देश दिए गए हैं। यह सुविधा इटारसी, न्यू यार्ड इटारसी, भोपाल, हरदा, बीना एवं गूना क्षेत्रों में उपलब्ध कराई जाएगी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिले सांसद दर्शन सिंह चौधरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

होशंगाबाद नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र में रेलवे सुविधाओं के विस्तार एवं यात्रियों की समस्याओं के निराकरण को लेकर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने नई दिल्ली स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से विभिन्न रेलवे स्टेशनों के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल में सिवनी मालवा, नर्मदापुरम, सोहागपुर, पिपरिया, गाडरवारा, तेंदूखेड़ा सहित नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न रेलवे स्टेशनों के प्रतिनिधि शामिल रहे। बैठक में प्रमुख ट्रेनों के ठहराव, अतिरिक्त कोच, स्टेशनों के आधुनिकीकरण, प्लेटफॉर्म विस्तार एवं यात्री सुविधाओं से संबंधित मांगें रेल मंत्री के समक्ष रखी गईं। सांसद ने क्षेत्र की जन अपेक्षाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

खबर संक्षेप



बाल वैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किए नवाचार और शोधपरक प्रोजेक्ट

मुलताई। स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने और उनमें स्वयं प्रयोग कर नए नवाचार करने की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। 3 नवंबर, मंगलवार को न्यू कार्मल कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में जिले के विभिन्न विकासखंडों से पहुंचे 45 बाल वैज्ञानिकों ने अपनी परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण कर वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता का परिचय दिया। राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, नई दिल्ली (भारत सरकार), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, मध्य प्रदेश शासन, शिक्षा विभाग तथा साइंस सेंटर भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सततता के लिए विज्ञान एवं नवाचार विषय पर आधारित अपनी परियोजनाएं प्रस्तुत कीं। इन परियोजनाओं में विद्यार्थियों ने अपने आसपास की स्थानीय समस्याओं को चिन्हित कर विज्ञान और तकनीक के माध्यम से उनके समाधान खोजने का प्रयास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं देश के महान वैज्ञानिक के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग वत्सला शिवहरे, जिला शिक्षा अधिकारी पूनम वरकड़े, महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. बी.आर. बारस्कर आदि रहे मौजूद।

अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखें: एसपी सक्सेना

नवागत एसपी अमित सक्सेना ने ली एसडीओपी व थाना प्रभारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



नवागत पुलिस अधीक्षक बैतूल अमित सक्सेना ने पदभार ग्रहण करते ही पुलिस कंट्रोल रूम बैतूल में जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी), थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं विभिन्न शाखाओं के प्रभारियों की बैठक लेकर जिले की कानून व्यवस्था एवं अपराधों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया गया तथा उनके कार्यक्षेत्र एवं विभागीय दायित्वों के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैतूल कमलेश खरपुसे, एसडीओपी बैतूल सुश्री अन्नपूर्णा सिरसाम सहित जिले के समस्त अनुभागों के एसडीओपी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, रक्षित निरीक्षक, विशेष शाखा प्रभारी एवं क्राइम सीन एक्सपर्ट उपस्थित रहे। एसपी ने दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध शराब, नकली शराब, जुआ-सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखें। ऐसी गतिविधियों की सूचना मिलने पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करें। आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत पटाखा एवं आतिशबाजी की दुकानों की नियमित चेकिंग करें। विस्फोटक सामग्री के अवैध भंडारण एवं बिक्री पर विशेष निगरानी रखते हुए नियमानुसार कार्रवाई करें।

अच्छे कार्यों को मिलेगा पुरस्कार, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक अमित सक्सेना ने सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि कार्य के प्रति समर्पण, सक्रियता एवं बेहतर पुलिसिंग के माध्यम से आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम करें। उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया जाएगा, वहीं कर्तव्यों के निर्वहन में अनावश्यक लापरवाही अथवा अनुशासनहीनता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध उचित वैधानिक एवं विभागीय कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे आपसी समन्वय, जवाबदेही एवं टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जिले में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था एवं आमजन की शिकायतों के त्वरित निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

एसपी ने यह भी दिए दिशा-निर्देश

- 1. एनडीपीएस प्रकरणों में प्रभावी कार्रवाई: मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सूचना तंत्र मजबूत करें तथा एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में साक्ष्य आधारित एवं विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करें।
- 2. सीएम हेल्पलाइन एवं जन शिकायतों का निराकरण: सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करें। शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनें तथा उनकी संतुष्टि के अनुरूप उचित समाधान सुनिश्चित करें।
- 3. लंबित अपराधों का त्वरित निराकरण: थानों में लंबित गंभीर एवं पुराने आपराधिक प्रकरणों की नियमित समीक्षा करें। विवेचना में तेजी लाते हुए साक्ष्यों का वैज्ञानिक एवं प्रभावी संकलन कर प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें।
- 4. कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण: अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतत निगरानी रखें। संवेदनशील क्षेत्रों एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर विशेष नजर रखते हुए आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करें।
- 5. पुलिस अनुशासन एवं जवाबदेही: पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पुलिस विभाग में अनुशासनहीनता एवं कर्तव्य के प्रति लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

अपराध की बदलती शैली पुलिस के लिए चुनौती: एसपी अमित सक्सेना



बैतूल। नवागत एसपी अमित सक्सेना ने सोमवार को देर शाम अपना पदभार संभाल लिया। मंगलवार को उन्होंने पत्रकारों से पुलिस कंट्रोल रूम में मुलाकात कर अपराध और व्यवस्था पर चर्चा की। श्री सक्सेना ने कहा कि आज के दौर में अपराध की शैली बदल चुकी है, हाईटेक अपराध हो रहे हैं, जिसे रोकना पुलिस के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। इसके बावजूद साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए समुचित उपाय कर रोके जाएंगे। यातायात व्यवस्था में भी पुलिस द्वारा सुधार किया जाएगा। इसके अलावा अवैध शराब की बिक्री रोकने अभियान चलाया जाएगा। नाबालिगों का इस्तेमाल कर हो रहे अपराधों में पर भी अंकुश लगाया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए अपराधों की रोकथाम और जिले में कानून व्यवस्था बनाने पर जोर दिया।

भयमुक्त व सुरक्षित बचपन हर बच्चे का अधिकार: न्यायाधीश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार संचालित सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामठी में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश चन्द्र थपलियाल एवं सत्र न्यायाधीश के मुख्य आतिथ्य में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में प्रधान जिला न्यायाधीश दिनेश चन्द्र थपलियाल ने बताया कि हर बच्चे को भयमुक्त और सुरक्षित बचपन में जीने का अधिकार है। कार्यशाला के पहले सत्र में जिला न्यायाधीश श्रीमती सोमप्रभा चौहान ने छात्र-छात्राओ को पॉक्सो एक्ट के विधिक प्रावधानों की जानकारी देते हुये उन्हें हर बात अपने माता-पिता से साझा करने की सलाह दी द्वितीय सत्र में व्यवहार न्यायाधीश शुभम नीमा ने साइबर सुरक्षा के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करते हुये सोशल मीडिया का सीमित और ज्ञानवर्धक प्रयोग करने की सलाह दी। तीसरे सत्र में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था से पुष्पराज प्रजापति ने योग और तनाव प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। चौथे सत्र में जिला चिकित्सालय बैतूल में पदस्थ डॉ. अंकिता शिते ने किशोर स्वास्थ एवं लैंगिक संवेदनशीलता के संबंध में जानकारी प्रदान की। कार्यशाला के अंतिम सत्र में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला न्यायाधीश सचिन कुमार घोष, ने बच्चों के लक्ष्य केन्द्रित केरियर के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया और उनकी जिज्ञासां का समाधान किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा साइबर सुरक्षा से संबंधित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। कार्यशाला में शाला के प्रचार्य अशोक कुमार पाटिल ने आभार प्रदर्शन और सफल मंच संचालन जिला विधिक सहायता अधिकरी मिथिलेश डेहरिया ने किया। इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बैतूल। बैतूल बाजार थाना क्षेत्र के सेहरा में वेयरहाउस के पास ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार राहुल धुर्वे (24) की मौत हो गई। बाइक पर सवार दूसरा युवक शिवराम धुर्वे गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक इलाज के बाद उसे भोपाल रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार, राहुल और शिवराम बाइक से जसोंदी से बैतूल आ रहे थे। इसी दौरान सेहरा वेयरहाउस के पास ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। बैतूल बाजार पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

आरोपियों के कब्जे से गांजा किया जब्त

सारणी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारणी



पुलिस ने गांजा तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2.002 किलोग्राम गांजा एवं तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी जब्त की गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त मिली थी कि आमला-बेलोंड रोड से होते हुए एक व्यक्ति स्कूटी के माध्यम से अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर सारणी की ओर आ रहा है।

सूचना पर सारणी पुलिस टीम द्वारा तत्काल बेलोंड रोड पर पहुंचकर संदिग्ध स्कूटी क्रमांक एमपी 48 एमपी 8215 को रोककर तलाशी ली गई। स्कूटी पर सवार शेख फरीद पिता शेख शहीद उम्र 42 वर्ष एवं जासमीन शेख पति शेख फरीद उम्र 35 वर्ष, दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 03 सारणी के कब्जे से कुल 2.002 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। पुलिस द्वारा गांजा एवं घटना में प्रयुक्त स्कूटी जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना सारणी में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान तीसरी आरोपी गिरफ्तार

प्रकरण की विवेचना के दौरान गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ एवं उनके मेमोरेण्डम के आधार पर पुलिस द्वारा भुलिया कश्यप पिता ननकू कश्यप उम्र 40 वर्ष, निवासी राजेन्द्र नगर पाथाखेड़ा को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में दीपक पिता श्यामलाल कश्यप उम्र 30 वर्ष, निवासी राजेन्द्र नगर पाथाखेड़ा फरार है, जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय बैतूल के समक्ष पेश किया जाएगा। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सारणी निरीक्षक जयपाल इनवाती, उपनिरीक्षक बी.पी. बुंदेला, उपनिरीक्षक मनोज उईके, प्रधान आरक्षक श्रीराम उईके, नीलेश मीना, आरक्षक मोहित भाटी, जितेन्द्र मोरे एवं आरक्षक वर्षा नागले की सराहनीय भूमिका रही।

कार की टक्कर से पटवारी की मौत कलेक्टर ने व्यक्त की शोक संवेदना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



कार की टक्कर से घोड़ाडोंगरी तहसील के चोपना सर्किल में पदस्थ कमलेश धुर्वे (30) की मौत हो गई। वे सोमवार रात स्वामित्व योजना का काम पूरा कर बैतूल लौट रहे थे। बैतूल-रानीपुर मार्ग पर पुल के पास एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद गंभीर हालत में सडक़ पर पड़े रहे। सूचना मिलने पर रानीपुर पुलिस मौके पर पहुंची। उनकी पहचान नहीं हो पाने पर पुलिस ने मोबाइल में सबसे पहले डायल किए गए नंबर पर कॉल किया। फोन प्रकाश पटवारी ने उठाया और उनके जरिए कमलेश की पहचान हुई। पुलिस उन्हें जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, अधिक खून बहने के कारण उनकी जान नहीं बच सकी। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद पटवारी साथी उनका शव लेकर अंबेडकर चौक पहुंचे। यहां श्रद्धांजलि देने के बाद पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष मोहनलाल धुर्वे ने प्रशासन से मांग की कि पटवारियों पर अनावश्यक काम का दबाव न बनाया जाए। उनसे रात में ड्यूटी भी न कराई जाए। संघ ने चेतावनी दी कि यदि पटवारियों पर इसी तरह काम का दबाव बनाया गया तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

कलेक्टर ने निधन पर व्यक्त की गहन शोक संवेदना

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने मंगलवार को ग्राम बरसाली पहुंचकर पटवारी कमलेश धुर्वे के असामयिक निधन पर गहन शोक व्यक्त किया। उन्होंने स्वर्गीय श्री धुर्वे के पार्थिव देह पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने स्वर्गीय श्री धुर्वे के परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया और इस दुख की घड़ी में प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन परिवार के साथ है और हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जायेगी।

मंदिर में तोड़फोड़ कर धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामले में कार्रवाई

चांदी की आंख चोरी करने का प्रयास करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



आठनेर पुलिस ने सार्वजनिक हनुमान मंदिर में प्रवेश कर हनुमान जी की मूर्ति को क्षति पहुंचाने एवं चांदी की आंख चोरी करने का प्रयास करने वाले आरोपी को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

फरियादी प्रजेश लांजीवार अपने साथ रमेश भलावी, प्रवीण लांजीवार, रविशंकर लांजीवार, महेश इवने एवं अन्य ग्रामीणों के साथ थाना आठनेर उपस्थित हुए और रिपोर्ट दर्ज कराई कि 01 नवंबर को दोपहर लगभग 3 बजे ग्राम का अनिल उइके हाथ में पत्थर लेकर सार्वजनिक हनुमान मंदिर में घुस गया तथा पत्थर से हनुमानजी की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर उनकी चांदी की आंख निकालने का प्रयास करने लगा। घटना के दौरान फरियादी के चिल्लाने पर रमेश भलावी एवं विक्की नागवंशी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को आता देखकर आरोपी अपने हाथ में रखी हनुमान जी की चांदी की एक आंख एवं पत्थर मंदिर में ही छोडक़र भाग गया। मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति की दाहिनी आंख क्षतिग्रस्त थी तथा मूर्ति भी टूटी हुई अवस्था में थी। उक्त मंदिर में ग्राम के अनेक श्रद्धालु नियमित रूप से पूजा-अर्चना करते हैं। आरोपी के इस कृत्य से ग्रामीणों की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना आठनेर में धारा 331(3), 305(स्र), 62, 324(1) एवं 298 भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अनिल उइके पिता धाडू उइके, उम्र 34 वर्ष, जाति गोंड, निवासी ग्राम डूडर, थाना आठनेर को तलाश कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय भैंसदेही में पेश किया गया, जहां से प्राप्त जेल वारंट के आधार पर उसे जिला जेल बैतूल में न्यायिक अभिरक्षा में दाखिल कराया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी आठनेर निरीक्षक श्री नरेंद्र सिंह परिहार, उपनिरीक्षक मांगीलाल ठाकरे, सहायक उपनिरीक्षक संतोष कुमार धुर्वे, प्रधान आरक्षक भजनलाल चौहान, आरक्षक बीरबल मीणा, आरक्षक मनीष पटेल, आरक्षक राकेश मौर्य एवं महिला आरक्षक ज्योति तुमराम की सराहनीय भूमिका रही।

कर्मचारियों के हितों को लेकर संगठन ने उठाई आवाज

रेलवे कर्मचारियों को भी सेना की तर्ज पर मिले पुरानी पेंशन का लाभ: डॉ. वाजपेयी



मुलताई। पुण्य सलिला मां ताप्ती की पावन नगरी मुलताई में सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ शाखा मुलताई द्वारा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण वाजपेयी, महामंत्री एके दुबे, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, मंडल सचिव राकेश कुमार आदि मुख्य रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण वाजपेयी ने रेलवे कर्मचारियों के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे उठाते हुए कहा कि जिस प्रकार सेना के जवानों को पुरानी पेंशन का लाभ मिलता है, उसी तर्ज पर रेलवे कर्मचारियों के लिए भी पुरानी पेंशन योजना लागू की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि रेलवे कर्मचारी भी कठिन परिस्थितियों में अपनी सेवाएं देते हैं, इसलिए उनके भविष्य की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा रेलवे कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने, रिस्क अलाउंस (जोखिम भत्ता) सहित अन्य सुविधाएं प्रदान करने की मांग उठाई गई है। संगठन का उद्देश्य कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करना और उनकी समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाना है।

घर में घुसकर बदमाशों ने किया था अगवा

खेत की झोपड़ी में छिपी मिली अगवा युवती



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बीजादेही थाना क्षेत्र के ग्राम बालईमाल से 24 वर्षीय युवती को जबरन बोलेरो वाहन में बैठाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया है। युवती चिचोली के पास एक खेत में बनी झोपड़ी में छिपी मिली।

पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी बबलू यादव और उसके साथी राजेश यादव को भी हिरासत में लिया है। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार, 31 अक्टूबर को ग्राम बालईमाल निवासी फूलचंद यादव ने बताया था कि दोपहर करीब 12 बजे फोंगरिया मण्डाई निवासी बबलू यादव अपने 7-8 साथियों के साथ बोलेरो वाहन से उसके घर पहुंचा। आरोपियों ने घर में घुसकर उसके और पत्नी के साथ मारपीट की। विरोध करने पर मिर्च पाउडर फेंका और उसकी 24 वर्षीय बेटी को जबरन बोलेरो में बैठाकर ले गए। जाते समय परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। घटना के बाद पुलिस ने युवती की तलाश के लिए शाहपुर, बीजादेही, चिचोली और साइबर सेल की संयुक्त टीम बनाई। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर तलाश तेज की। पुलिस टीम को चिचोली के पास खेत में बनी झोपड़ी में युवती छिपी मिली। उसे सुरक्षित बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं मुख्य आरोपी बबलू यादव (30) पिता दीना यादव निवासी फोंगरिया और राजेश यादव पिता भज्जू यादव निवासी मंडई को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए नागरिकों की जागरूकता व सहभागिता जरूरी

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत गोष्ठी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

भाजपा के सारनी एवं बगडोना मंडल के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार, 3 नवंबर को सारनी के मंगल भवन में लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के अंतर्गत प्रमुख नागरिक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान की गरिमा, नागरिक अधिकारों एवं कर्तव्यों तथा समाज में जनजागरूकता बढ़ाने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, समाजसेवियों और विभिन्न क्षेत्रों के नागरिकों ने सहभागिता की। गोष्ठी को संबोधित करते हुए आमला-सारणी विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कहा कि लोकतंत्र केवल शासन व्यवस्था नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक की भागीदारी और जिम्मेदारी का प्रतीक है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए नागरिकों का जागरूक होना आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को संविधान से प्राप्त अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का भी निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में लोकतांत्रिक मूल्यों, आपसी सद्भाव और सकारात्मक संवाद की भावना को मजबूत करना सभी की जिम्मेदारी है। इस प्रकार की गोष्ठियां नागरिकों को अपने विचार रखने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को बेहतर ढंग से समझने का अवसर प्रदान करती हैं। भाजपा जिला महामंत्री कमलेश सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की सफलता जागरूक समाज और जिम्मेदार नागरिकों पर निर्भर करती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विचारों की अभिव्यक्ति, संवाद और संविधान के प्रति सम्मान का विशेष महत्व है। समाज के प्रत्येक वर्ग को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने तथा राष्ट्रीयता के विषयों पर सकारात्मक चर्चा को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संगठन के माध्यम से जनजागरण के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि नागरिकों की सहभागिता बढ़े और लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी का भाव मजबूत हो। नगर पालिका परिषद सारनी के अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जनता में निहित है। जागरूक नागरिक अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों को समझते हुए समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। उन्होंने समाज में एकता, भाईचारे और आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए सभी नागरिकों को मिलकर अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

संपर्क अभियान के तहत शिविर 6 को

बैतूल। उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण किए जाने के उद्देश्य से संपर्क अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन-1 के प्रबंधक ने बताया कि 6 अक्टूबर को मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन-1 कार्यालय परिसर में सुबह 10 बजे से विनोबा वार्ड के उपभोक्ताओं के लिए शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार 14 नवंबर को हाई स्कूल परिसर गर्ग कॉलोनी रामनगर में जाकिर हुसैन वार्ड के उपभोक्ताओं के लिए तथा 18 नवंबर को हनुमान मंदिर सुभाष वार्ड हमलापुर में सुभाष वार्ड के उपभोक्ताओं के लिए शिविर सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा।

CHANGE OF NAME

I, **DEEPIKA** is legally wedded spouse of No.- 14668014M Rank- **Nk Nitesh Kumar Arya** (Retd), resident at Vill.- Devgaov, Post- Khedi Sawligarh, Teh. & Distt.- Betul (MP), Pin- 460001, have changed my name from **DEEPIKA** to **DEEPIKA ARYA vide affidavit dated 03-11-2026** sworn before 1'st Class Magistrate, Distt.- Betul (MP).

पलकमती नदी के सड़क मार्ग पुल की हालत होती जा रही खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में पलकमती नदी पर नर्मदापुरम-पचमढ़ी स्टेट हाईवे का सड़क मार्ग पुल है। पुल की सड़क को जॉइंट सिस्टम से बनाया गया है तथा जॉइंट्स के बीच गैप बढ़ने लगा है। गैप के कारण सड़क में दरार जैसी स्थिति बनने लगी है।







बने गैप

सड़क के दो हिस्सों के जॉइंट्स में बने गैप गहरे हो चुके हैं। जिसके कारण वाहनों की तेज पटक होती है। जिससे हल्के एवं दोपहिया वाहन यकायक बहक जाते हैं और इससे दुर्घटनाओं का डर बढ़ रहा है। नागरिकों ने सुधार की मांग की है।

फुटपाथ पर आईं दरार

सड़क के दो हिस्सों का गैप फुटपाथ पर भी पहुंच गया है। जिसके कारण फुटपाथ के हिस्सों में भी दरारें नजर आने लगी हैं। रात्रि के अंधेरे में ये दरारें पुल से पैदल निकलने वाले लोगों के लिए तकलीफदेह साबित हो सकती हैं।

गांव में अवैध शराब बिक्री को लेकर महिलाएं पहुंची तहसील कार्यालय, बोलीं प्रशासन करे कार्रवाई, बंद हो अवैध कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत टेकापार के ग्राम छिररई की लगभग दर्जन भर महिलाओं ने सरपंच के साथ पिपरिया जनपद पंचायत में आकर नायब तहसीलदार नीरज बैंस को ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें बताया गया है कि ग्राम पंचायत के आसपास के सभी गांवों में अवैध रूप से शराब तैयार की जा रही है तथा बैंची जा रही है। इसी तरह से ग्राम पंचायत पिसुआ की महिलाओं के द्वारा संबंधित मामले में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान को



ज्ञापन सौंपा गया था। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। उसके बाद और भी अनेक गांवों की महिलाओं ने आवेदन दिए गए हैं। लेकिन अभी तक आबकारी विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

गांव में बहन बेटियों को लेकर लगातार समाज चिंतित हैं। इसलिए सड़कों पर उतर आई है। इसलिए ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में सरपंच शांति बाई टेकापार गीता, रामप्यारी बाई उर्मिला देवी विधियां माया गौरा यादव शारदा देवी सुनीता बबीता बाई रामवती सहित अन्य सभी लगभग दो दर्जन महिलाओं ने तत्काल प्रभाव से शराब तैयार करने बाले बैंच ने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

खबर संक्षेप

वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ बिताया समय

सीहोर। समाज में वृद्धजनों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता एवं सेवा भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माय भारत केंद्र सीहोर द्वारा संकल्प वृद्धाश्रम एवं पुनर्वास केंद्र में सेवा गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान युवाओं ने वृद्धजनों के साथ लगभग एक घंटे तक आत्मीय संवाद कर उनके जीवन के अनुभवों, समस्याओं एवं आवश्यकताओं को समझने का प्रयास किया। कार्यक्रम में वृद्धजनों के बीच बैठकर उनसे आत्मीय बातचीत की गई। इस दौरान बुजुर्गों ने अपने जीवन से जुड़े अनुभव साझा किए। संवाद के माध्यम से जानकारी मिली कि वृद्धाश्रम में छत्तीसगढ़, कोलकाता सहित विभिन्न क्षेत्रों के वृद्धजन निवास कर रहे हैं। इनमें कई बुजुर्ग बीमारी, पारिवारिक समस्याओं एवं आर्थिक कठिनाइयों के चलते आश्रम में रह रहे हैं। इस अवसर पर वृद्धजनों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सूची के अनुसार आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही सभी वृद्धजनों के साथ बैठकर भोजन किया गया एवं उन्हें भोजन वितरित किया गया। युवाओं ने बुजुर्गों की बातें सुनकर उन्हें अपनत्व, सम्मान और भावनात्मक सहयोग प्रदान करने का प्रयास किया। सेवा गतिविधि का उद्देश्य वृद्धजनों के अकेलेपन को कम करना, उनकी समस्याओं को समझना तथा उनके जीवन में खुशियां और अपनापन लाना रहा।

रेल मंत्री से सांसद के नेतृत्व में मिला सोहागपुर नागरिक संघर्ष समिति का प्रतिनिधि मंडल

सोहागपुर स्टेशन को 'अमृत भारत स्टेशन' घोषित करने की हुई मांग

मंगलवार दोपहर रेल मंत्रालय में समिति के प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

क्षेत्र में रेल समस्या निराकरण एवं यात्री सुविधा विस्तार को लेकर मंगलवार को सोहागपुर नागरिक संघर्ष समिति ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट की है। यह भेंट सांसद दर्शन सिंह चौधरी के नेतृत्व में की गई।

समिति संयोजक अधिवक्ता शिवकुमार पटेल ने बताया कि मंगलवार दोपहर रेल मंत्रालय में समिति के प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट की। इस दौरान सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सोहागपुर क्षेत्र की रेल संबंधी मांगों व रेल विकास की आवश्यकताओं से रेल मंत्री को अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की तीन प्रमुख मांगों से संबंधित ज्ञापन भी रेल मंत्री को सौंपा। इस दौरान सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, नीलेश खंडेलवाल, अनिल साहू, आरके अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, सादिक खान, मंडल महामंत्री ऋषभ गढ़वाल, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नीरज यादव, भगवान सिंह पटेल एवं अन्य नागरिक उपस्थित थे।



रखी ये मांगें

- **पहली मांग-** सोहागपुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन घोषित करें। जिला नर्मदापुरम के अंतर्गत नर्मदापुरम विधानसभा में नर्मदापुरम एवं इटारसी स्टेशन, सिवनी मालवा विधानसभा में बनापुरा स्टेशन व पिपरिया विधानसभा में पिपरिया स्टेशन अमृत भारत स्टेशन में शामिल हैं। लेकिन विधानसभा मुख्यालय सोहागपुर का रेलवे स्टेशन इस लाभ से वंचित है।
- **दूसरी मांग-** सोहागपुर रेलवे स्टेशन को 22188/22187 इंटरसिटी एक्सप्रेस स्टापेज मिले। शिवकुमार पटेल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को बताया कि इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन दो रेल मंडलों के बीच संचालित है। सोहागपुर क्षेत्र के यात्रियों की आवश्यकता को देखते हुए इस ट्रेन का स्टॉपेज अति आवश्यक है।
- **तीसरी मांग-** सोहागपुर शहर में मढ़ई मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण हो। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र सोहागपुर में विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मढ़ई है। जहां देशी-विदेशी पर्यटक एवं विशिष्ट लोग वर्षभर आते-जाते हैं। तथा मढ़ई मार्ग सोहागपुर रेलवे क्रॉसिंग से है, जहां संपार गेट प्रायः बंद रहने से लोगों को घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती है। अतः रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण आवश्यक है।

लगातार जारी मांगः सांसद चौधरी

सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि क्षेत्रीय रेल समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयासरत हैं। चौधरी ने कहा कि वो कई बार रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के समक्ष सभी मांगों को रखते रहे हैं। सांसद के अनुसार मंगलवार को नागरिक संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों के साथ रेल मंत्री से मिले तथा पुनः अपनी मांगें रखी हैं। उन्होंने कहा कि रेल मंत्री वैष्णव ने प्रतिनिधि मंडल की मांगें गंभीरता से सुनी एवं सोहागपुर क्षेत्र की रेल संबंधी समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया है।

लिखित पत्र से देंगे जानकारी

प्रतिनिधि मंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आश्वस्त किया कि मांगों को सूचीबद्ध कर उनकी समीक्षा की जाएगी। जिन कार्यों को प्राथमिकता से कराया जा सकता है, उन्हें आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन विषयों में तकनीकी अथवा अन्य कठिनाइयां होंगी, उन्हें चिह्नित कर सांसद दर्शन सिंह चौधरी के साथ पुनः बैठक की जाएगी तथा सांसद को लिखित रूप से पत्र के माध्यम से भी अवगत कराया जाएगा।

भगत सिंह नगर में जोरदार धमाका युवक का एक हाथ का पंजा अलग



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के नाला मोहल्ला, भगत सिंह नगर में एक हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घर में खाना बनाते समय हुए विस्फोट में युवक का एक हाथ का पंजा शरीर से अलग हो गया, जबकि उसका दूसरा हाथ, पेट और एक पैर बुरी तरह जख्मी हो गए हैं। घायल युवक को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

क्या है पूरा मामला?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नाला मोहल्ला स्थित भगत सिंह नगर में यह हादसा हुआ। घायल युवक की पहचान अनिकेत (23 वर्ष) पिता संजू के रूप में हुई है। घटना के संबंध में घायल के भाई सौरभ ने बताया कि हादसे के वक्त घर पर कोई नहीं था, परिवार के सभी सदस्य बाजार गए हुए थे। घर पर अकेला अनिकेत छोटे गैस सिलेंडर पर खाना बना रहा था, इसी दौरान यह अचानक बड़ा विस्फोट हो गया। हालांकि, विस्फोट किन परिस्थितियों में हुआ और इसकी असली वजह क्या थी, इसे लेकर अभी स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाई है। विस्फोट इतना भयानक था कि इसका खामियाजा युवक को अपने शरीर के अंगों को खोकर चुकाना पड़ा।

हाथ और पंजे : विस्फोट में अनिकेत के एक हाथ का पंजा पूरी तरह अलग हो गया, हाथ की हड्डियों में दो से तीन जगह फ्रैक्चर हो गया है। वहीं दूसरा हाथ का पंजा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

पेट और पैर : पेट में दो से तीन जगह गंभीर चोटें आई हैं तथा एक पैर भी बुरी तरह जख्मी हो गया है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए टीआई सौरभ पांडेय ने तुरंत अस्पताल पहुंचकर घायल युवक की स्थिति का जायजा लिया और मामले की तह तक जाने के लिए एक पुलिसकर्मी को बयान दर्ज करने हेतु भेजा है।

सहायक शिक्षक भगवान दास कहार को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शासकीय प्रायमरी स्कूल टेकापार में पदस्थ रहे सहायक शिक्षक भगवान दास कहार गत दिनों सेवानिवृत हुए। उनकी सेवानिवृत्ति पर शिक्षा विभाग अधिकारियों एवं सहयोगी कर्मचारियों ने विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी।

इस अवसर पर बीईओ राकेश उईके तथा बीआरसीसी राकेश रघुवंशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। करने बताया कि उनकी प्रथम नियुक्ति 23 मार्च 1997 कनिष्ठ प्राथमिक शिक्षक के रूप में शासकीय स्कूल पाठई में हुई थी। इसके बाद 21 अगस्त 2001 से 31 अक्टूबर 2026 तक शासकीय प्राथमिक शाला टेकापार में पदस्थ



रहे। सेवानिवृत्ति तक कहार ने 35 वर्ष सात माह आठ दिन की सेवा पूरी की।

सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में शाला में संयुक्त संचालक आरके उईके व बीआरसीसी राकेश रघुवंशी सहित संकुल प्राचार्य एसके ठाकुर ने उपस्थित होकर कहार को बधाई दी एवं उनके सेवाकाल को उत्कृष्ट बताया। इस दौरान सीएसी लखन अहिरवार, धनराज अहिरवार एवं संकुल शाला सेमरी हरचंद से स्टॉफकर्मी उपस्थित रहे। सेवानिवृत्ति पर शिक्षक भगवान दास कहार ने स्कूल में बच्चों के लिए पेयजल की व्यवस्था में सहयोग करते हुए सामग्री दी।

खनिज विभाग ने अवैध खनिज परिवहन में संलिप्त डंपर व पनडुब्बी को किया जब्त



नर्मदापुरम। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिले में रेत एवं अन्य गौण खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी है। इसी क्रम में खनिज विभाग के अमले द्वारा अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध खनिज परिवहन में संलिप्त एक डंपर एवं एक पनडुब्बी को जप्त किया गया है। खनिज विभाग की टीम ने मोहासा तहसील माखननगर में डंपर क्रमांक MP04WA9096 को पत्थर एवं मुरूम का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त किया। इसी प्रकार ग्राम बाबरी, तहसील सिवनी मालवा में रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर एक पनडुब्बी जप्त कर पुलिस थाना सिवनी मालवा की अभिरक्षा में रखवाई गई है। उक्त कार्रवाई में सहायक खनिज अधिकारी सुचि माथुर, खनि निरीक्षक बसंत पाटिल, कृष्णकांत परस्ते, गरिमा एवं अमित चढ़ार तथा खनिज सिपाही हेमंत राज उपस्थित रहे। जप्त वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

6 से 10 नवंबर तक कृषि मंडी रहेगी बंद, दूज पर्व पर विशेष मुहूर्त करते हुए खरीदी प्रारंभ की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

कृषि उपज मंडी परिसर में एक ही दिन में लगभग 30 हजार क्विंटल धान खरीदी गई है। एक ही दिन में इतनी आवक के बाद भी मंडी परिसर में ही एक ही दिन में लगभग 30 हजार क्विंटल धान खरीदी गई और तुलावटी हम्माल मजदूर के द्वारा देर रात तक तुलाई कराई गई तथा भुगतान भी किया जा रहा है। कृषि उपज मंडी सचिव चंद्र शिवराम उईके ने बताया कि धान की बंपर पैदावार हुई है। आवक भी बहुत ही शानदार हो रही है। मंडी में लगभग 350 व्यापारी वर्ग है जो अच्छे दाम में खरीदी की जा रही है। लगभग 5500 के आसपास रेट में खरीदी की जा रही है।

जानकारी अनुसार लगभग अभी वर्तमान में सामने आया कि



इतनी ही धान राइस मिलों के मालिकों के द्वारा प्रोग्राम के अंतर्गत सीधे तौर पर राइस मिलों में भी लगातार सीधे तौर किसानों के द्वारा सीधे अपनी धान ले जा रहे हैं। सीधे तौर पर राइस मिलों में लगातार खरीदी की जा रही है। यह शासन द्वारा निर्धारित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान भारसाधक द्वारा भी लगातार मंडी परिसर का निरीक्षण किया जा रहा है। किसान को लेकर लगातार मंडी सचिव चंद्र शिवराम उईके एवं अन्य सभी स्टाफ के द्वारा संबंधित मामले में कोई असुविधा नहीं हो रही है। लेकिन मंडी सचिव ने बताया कि व्यापारी वर्ग एवं तुलावटी हम्माल मजदूर संघ ने बताया कि दिनांक 6/11/26से दिनांक 10/11/26 तक मंडी बंद रहेगी। दूज पर्व पर विशेष मुहूर्त करते हुए धान सहित अन्य सभी खरीदी प्रारंभ की जाएगी। इसलिए अभी अपनी फसल लेकर आवे।

नागरिकों ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

किसान द्वारा रास्ता बंद करने की शिकायत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत पारखी के रजौला ग्राम की लगभग दो दर्जन महिलाओं ने रामसेवक चौबे एवं सरपंच भावना राजपूत के ससुर के नेतृत्व में नायब तहसीलदार नीरज बैंस को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि किसानों की वर्षा पुराने परंपरागत कृषि उपज रास्ते को जमीन के मालिक द्वारा बंद कर दिया गया है।

जिसके कारण किसानों को फसल कटाई प्रारंभ होने वाली है। इसलिए यह आम रास्ता तो नहीं है लेकिन पूर्व में जिन लोगों की जमीन थी वह रास्ता देते हुए आ रहे थे। सीमांत लघु किसान है। लेकिन



अभी वर्तमान में यह जमीन विनोद पलिया के द्वारा खरीदी गई है। इसलिए उन्होंने रास्ते पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। तथा जातिसूचक शब्दों को उपयोग करते हुए अभद्रता करने की भाषा का उपयोग किया जा रहा है। अतः रास्ते को लेकर विगत दिनों बनखेड़ी थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। पुलिस के आने पर रास्ता खोल दिया गया है। लेकिन मेड़ पर मिट्टी ऊंचाई पर डालीं है। जिसके कारण पैदल हि निकल सकते हैं। हार्वेस्टर ट्रेक्टरट्राली नहीं जा रहें हैं। इसलिए लोगोंको परेशानी उठानी पड़ रही है। रास्ता हार्वेस्टर ट्रेक्टर ट्राली निकल सके इतना चौड़ा रास्ता दिया जावे। ज्ञापन सौंपने वालों ने सरपंच भावना राजपूत , रामसेवक चौबे, ने कहा कि इस मामले में नीरज बैंस नायब तहसीलदार ने बताया कि आवेदन पत्र आया है। मामले की मौके पर जाकर ही कुछ किया जा सकता है।

इस विषय में विनोद पलिया ने बताया कि जमीन हमारी है हमने रास्ता खोल दिया गया है। ट्रेक्टर ट्राली निकल जाने के लिए कोई अभद्रता नहीं हुई है। महिलाओं को रामसेवक चौबे ने बहला फुसलाकर झूठी शिकायत की है।

42 साल तक विद्यार्थियों का भविष्य संवारते रहे शिक्षक

विदाई पर विद्यालय को भेंट की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

शिक्षक का जीवन केवल पाठ्यक्रम पढ़ाने तक सीमित नहीं होता, बल्कि वह कई पीढ़ियों के भविष्य को दिशा देने का काम करता है। इसी जिम्मेदारी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सतराना के शिक्षक अखिलेश गुप्ता ने लगातार 42 वर्षों तक निभाया। 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्ति के अवसर पर विद्यालय परिवार और ग्रामीणों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

अखिलेश गुप्ता ने वर्ष 1984 में इसी विद्यालय में उपशिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं शुरू की थीं। खास बात यह रही कि नियुक्ति से लेकर सेवानिवृत्ति तक उनका पूरा सेवाकाल इसी विद्यालय में बीता। चार दशक से अधिक समय तक उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ अनुशासन, संस्कार और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। अपने सेवाकाल की पुरानी यादें साझा करते हुए उन्होंने बताया कि शुरुआती दौर में उनका मासिक वेतन 300 रुपये निर्धारित था और पहला वेतन मात्र 120 रुपये मिला था। उस समय रेहटी से सतराना तक बस का किराया 75 पैसे हुआ करता था। विद्यालय पहुंचने के लिए रास्तों की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा के प्रति शिक्षकों और विद्यार्थियों में विशेष लगन रहती थी।

// आम सूचना //

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से लक्कडगंज दुकान क्षेत्र की दुकान नं 6(A) जो कि श्रीमति कीर्ति झा W/o अनिल झा के नाम नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है, दुकान की किरायेदारी का नवीनीकरण कराना चाहते हैं। उक्त दुकान का नवीनीकरण होने में किसी को कोई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 पन्द्रह दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। यदि पन्द्रह दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगीं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद इटारसी

// आम सूचना //

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से प्रियदर्शनीय नगर / इंदिरा कालोनी में भवन / भूखंड / दुकान प्रियदर्शनीय नगर LIG-A-67 श्री / श्रीमति अतुल जैन पिता/पति बसंत कुमार जैन के नाम नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है, श्री / श्रीमति प्रिया अग्रवाल पिता / पति हरीश अग्रवाल अपने नाम नामान्तरण कराना चाहते / चाहती हैं। उक्त भवन /भूखंड / दुकान का नामान्तरण होने में किसी को कोई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 पन्द्रह दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। यदि पन्द्रह दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगीं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद इटारसी

खबर संक्षेप

अंकित जायसवाल ने हरदा एसपी का कार्यभार संभाला



हरदा। नवागत पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने मंगलवार को जिले के पुलिस अधीक्षक का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व पुलिस अधीक्षक शशांक ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और विधिवत कार्यभार सौंपा। कार्यभार संभालने के बाद एसपी जायसवाल ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों और थाना प्रभारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर जिले की कानून व्यवस्था और पुलिसिंग से संबंधित जानकारी ली। आगामी त्योहारों को देखते हुए उन्होंने कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुचारू रखने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करने और प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने को कहा। इसके बाद नवागत एसपी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शाखा प्रभारियों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने शासकीय कार्यों का समय-सीमा में और व्यवस्थित तरीके से संपादन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। एसपी जायसवाल ने अधिकारियों और कर्मचारियों से जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पूरी जिम्मेदारी और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई।

चोरी के मामले में दो आरोपियों को 3-3 साल का सश्रम कारावास

हरदा। शहर की शिवशक्ति मोबाइल शॉप का शटर तोड़कर चोरी करने के मामले में न्यायालय ने दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए 3-3 वर्ष के सश्रम कारावास और अर्थदंड से दंडित किया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लवकेश सिंह की अदालत ने प्रकरण में सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया। जानकारी के अनुसार, थाना कोतवाली में दर्ज अपराध क्रमांक 517/2026 के तहत विनय यादव और रवि उर्फ पद्दी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) और 305(ए) में प्रकरण दर्ज किया गया था। आरोपियों ने 9 अगस्त 2026 को फरियादी संदीप गोस्वामी की शिवशक्ति मोबाइल शॉप का शटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। प्रकरण क्रमांक आरसीटी/619/2026 में अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और तर्कों के आधार पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषसिद्ध पाया। धारा 331(4) के तहत प्रत्येक आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास और 1-1 हजार रुपए अर्थदंड तथा धारा 305(ए) के तहत भी 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास और 1-1 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया। इस प्रकार प्रत्येक आरोपी पर कुल 2 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया।

बंजारा समाज ने ट्रस्ट अध्यक्ष को हटाने की मांग की, डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर रूपसिंह पंवार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर



बुरहानपुर में बंजारा समाज के लोगों ने मंगलवार को शिवाबाबा मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रूपसिंह पंवार पर आर्थिक अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। समाज के लोग कलेक्टोरेट पहुंचे और अध्यक्ष को पद से हटाने की मांग की। उन्होंने कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर तपेश कुमार पांडे को ज्ञापन सौंपा। डिप्टी कलेक्टर ने शिकायत की जांच कराने और नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं, ट्रस्ट अध्यक्ष रूपसिंह पंवार ने आरोपों को निराधार बताया।

ज्ञापन के मुताबिक, गंभीरपुरा-सुक्ताखुर्द स्थित शिवाबाबा मंदिर का प्रबंधन शिवाबाबा बंजारा समाज समिति ट्रस्ट करता है। ट्रस्ट का गठन वर्ष 1994-95 में हुआ था। समाज के लोगों का आरोप है कि ट्रस्ट में रूपसिंह पंवार को अध्यक्ष बनाया गया और उनके परिवार के पांच सदस्यों को भी शामिल किया गया, जबकि बाहर के केवल दो सदस्य रखे गए। इससे ट्रस्ट के कामकाज पर अध्यक्ष के परिवार का नियंत्रण बना हुआ है।

गड़बड़ी का आरोप

समाज के लोगों ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि पिछले 30-40 साल में मंदिर को मिले दान, सामग्री और अन्य वस्तुओं के हिसाब-किताब में भ्रष्टाचार और अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने दावा किया कि अध्यक्ष ने अपने, परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपए की अघोषित संपत्ति जमा की है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि दान राशि का उचित उपयोग श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था के लिए नहीं किया जा रहा है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, जबकि संबंधित व्यवस्थाओं के नाम पर अध्यक्ष के परिवार के सदस्य व्यवसाय कर रहे हैं।

शिकायत करने वाले युवाओं को परेशान करने का आरोप

समाज के लोगों का आरोप है कि ट्रस्ट में कथित गड़बड़ियों की शिकायत करने वाले युवाओं के खिलाफ झूठी शिकायतें कर मामले दर्ज कराए गए। उन्होंने युवाओं पर हमला करने और उन्हें जान से मारने की कोशिश किए जाने का भी आरोप लगाया। ज्ञापन के अनुसार, इस घटना की शिकायत उस समय की गई थी, लेकिन शासन स्तर पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के वीडियो बनाकर अध्यक्ष के परिवार के सदस्य उन्हें परेशान करते हैं। उन्होंने इसे लोगों की निजता का उल्लंघन बताया और इस पर भी कार्रवाई की मांग की।

24 चेकिंग दलों ने चलाया जांच अभियान

हरदा में बिजली चोरी के 274 मामले दर्ज, 60.93 लाख का जुर्माना लगाया



हरदा। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा हरदा जिले में बिजली चोरी एवं अवैध विद्युत कनेक्शनों के विरुद्ध व्यापक जांच अभियान चलाया गया। मंगलवार को चलाए गए इस विशेष अभियान में जिलेभर में बिजली चोरी के 274 मामले दर्ज किए गए। इन मामलों में संबंधित उपभोक्ताओं पर 60 लाख 93 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

कंपनी के हरदा सर्कल के महाप्रबंधक के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान के लिए 24 जांच दल गठित किए गए थे। इन दलों ने जिले के विभिन्न वितरण केंद्रों एवं क्षेत्रों में घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की। जांच के दौरान बिजली का अवैध उपयोग एवं अनियमितताएं पाए जाने पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 एवं 135 के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। कंपनी प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी एवं अवैध कनेक्शनों के विरुद्ध जांच और कार्रवाई का अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। कंपनी के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य बिजली चोरी पर अंकुश लगाना तथा वैध विद्युत कनेक्शनों को प्रोत्साहित करना है।

अवैध शराब और मादक पदार्थों के कारोबार पर रोक लगाने की मांग

कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कांग्रेस ने मंगलवार शाम राज्यपाल के नाम डिप्टी कलेक्टर अशोक कुमार डेहरिया को ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने प्रदेश में अवैध शराब और मादक पदार्थों के कारोबार पर रोक लगाने के साथ खातेगांव थाने के टीआई दिलीप पुरी की हत्या की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने जिले में अवैध शराब और मादक पदार्थों के कारोबार को लेकर सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। ज्ञापन में अवैध शराब, एमडी ड्रग्स, गांजा, अफीम और डोडाचूरा के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

ज्ञापन में देवास, सागर, बालाघाट और भिंड में जहरीली शराब से हुई मौतों का भी जिक्र किया गया। विधायक डॉ. आरके दोगने ने टीआई दिलीप पुरी के परिवार को 10 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता देने, उनकी पत्नी को अनुकंपा नियुक्ति देने और हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने की मांग की। कांग्रेस ने मामले में दोषियों को फांसी की सजा देने, नशे के कारोबार से जुड़े आरोपियों के नाम सार्वजनिक करने और उनके खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाने की मांग भी की।

कांग्रेस नेता राहुल जायसवाल को आरोपी बनाए जाने के सवाल पर विधायक डॉ. दोगने ने कहा कि उनके साथ अन्य तीन लोगों के तार किससे जुड़े हैं, इसकी भी सीबीआई जांच होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि मामले में जो भी दोषी पाए जाएं, उन्हें फांसी की सजा दी जाए।

एमपी केमिस्ट एसोसिएशन चुनाव में मनोज अगनानी ने 500 मतों से जीत दर्ज की



बुरहानपुर। मध्यप्रदेश केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन चुनाव में बुरहानपुर जिला अध्यक्ष मनोज अगनानी ने प्रदेश सह सचिव पद पर 500 मतों से जीत दर्ज कर जिले का नाम रोशन किया। इंदौर में संपन्न चुनाव के बाद बुरहानपुर में हर्ष का माहौल है। अपना चैंबर्स में अपना कमर्शियल क्रेडिट सोसायटी, अपना चैंबर्स, नारायणनगर गृह निर्माण संस्था, ताप्ती सेवा समिति सहित विभिन्न संस्थाओं ने पुष्पमालाओं से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. आई.एल. मुंदड़ा, नीरज कक्कड़, शरद मोरे, मुस्कान कक्कड़, राहुल छाबड़िया सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सम्मान समारोह में अगनानी ने नीरज कक्कड़ के साथ मिलकर जनसेवा का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि जिले में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि जरूरतमंदों को लाभ मिल सके। उन्होंने सभी सहयोगियों और मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

चिंचाला श्मशान घाट का होगा कायाकल्प 62.50 लाख के कार्यों का भूमिपूजन



बुरहानपुर। लालबाग स्थित चिंचाला श्मशान घाट को सुव्यवस्थित और भव्य स्वरूप दिया जाएगा। विधायक अर्चना चिटनिस ने 62.50 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन कर प्रथम चरण का शुभारंभ किया। पूरे परिसर का मास्टर प्लान तैयार कर विकास चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। घाट के पीछे 4.5 हेक्टेयर में नगर वन भी विकसित हो रहा है। चिटनिस ने कहा कि श्मशान जीवन का सबसे बड़ा सत्य है, जहाँ सभी भेदभाव समाप्त हो जाते हैं। यह स्थल संस्कारों और संवेदनाओं से जुड़ा है, इसलिए इसे स्वच्छ, सुविधायुक्त और शांत वातावरण वाला बनाना जरूरी है।

62.50 लाख के काम

विधायक निधि से 50 लाख के निर्माण कार्यों के वर्क ऑर्डर जारी कर काम शुरू किया गया है। इसके अलावा 12.50 लाख की लागत से शेड बनाया जाएगा, जिससे अंतिम संस्कार में आए लोगों को धूप-बारिश से राहत मिलेगी। विद्युत पोल-लाइन शिफ्टिंग का कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है।

21 सदस्यीय समिति गठित

व्यवस्थाओं के बेहतर रखरखाव के लिए विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों की 21 सदस्यीय समिति बनाई गई है। कीमत राय मतवानी को अध्यक्ष और संजय कुमार जैन को सचिव बनाया गया है।

4.5 हेक्टेयर में नगर वन

घाट के पीछे नगर वन विकसित किया जा रहा है, जहां नागरिक अपने पूर्वजों की स्मृति में पौधारोपण कर सकेंगे। स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। इस अवसर पर महापौर माधुरी पटेल, निगमाध्यक्ष अनिता यादव सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

जांच में जुटा विभाग

मादा काला हिरण मृत मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले के हंडिया वन परिक्षेत्र में सिरकम्बा गांव के पास खेत में मादा काला हिरण मृत मिला। गोली उसके पेट से आर-पार निकल गई थी। शिकार के आरोपी पुलिस और वन विभाग की पकड़ में नहीं आए हैं। रेंजर छगनसिंह भिलाला ने बताया कि सोमवार रात करीब 10 बजे ग्रामीणों ने गोली चलने की आवाज सुनकर सूचना दी। मौके पर पहुंचे लोगों को हिरण मृत मिला। आरोपियों की तलाश की गई, लेकिन कोई नहीं मिला। हिरण के शव को रेंज ऑफिस लाया गया। कोर्ट की अनुमति के बाद पोस्टमॉर्टम किया गया। जांच में पता चला कि गोली हिरण के पेट से आर-पार निकली थी। वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 2, 9, 39, 50 और 52 के तहत केस दर्ज किया है। डीएफओ ने बताया कि कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद हिरण का अंतिम संस्कार किया जाएगा। वन विभाग इस मामले को दूसरे राज्यों में वन्यजीवों के अंगों की सप्लाई करने वाले गिरोह से जोड़कर देख रहा है। काला हिरण वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 में शामिल है। इस अनुसूची में शामिल वन्यजीवों के शिकार या व्यापार पर कड़ी सजा का प्रावधान है।

अधिकारियों को सामूहिक मांग पत्र भेजा

युवा जनकल्याण मंडल ने रेल सुविधाएं बढ़ाने की मांग की

सनावद-खंडवा लोकल को भुसावल तक चलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

युवा जनकल्याण मंडल ने नेपानगर और आसपास के क्षेत्रों में रेल सुविधाएं बढ़ाने की मांग की है। मंडल ने खंडवा सांसद, नेपानगर विधायक, रेल मंत्री, रेलवे बोर्ड, मध्य रेलवे के महाप्रबंधक, भुसावल मंडल रेल प्रबंधक, बुरहानपुर कलेक्टर समेत संबंधित अधिकारियों को सामूहिक मांग पत्र भेजा है।

इसमें सनावद-खंडवा लोकल ट्रेन को भुसावल तक चलाने, कोविड-19 से पहले नेपानगर स्टेशन पर भुसावल तक चलाने, कोविड-19 से पहले नेपानगर स्टेशन पर रुकने वाली ट्रेनों के



ठहराव बहाल करने और दैनिक यात्रियों की जरूरत के अनुसार ट्रेनें चलाने की मांग की गई है। मंडल के अनुसार, नेपानगर और आसपास के क्षेत्रों में उद्योग, रोजगार और कारोबार के पर्याप्त अवसर नहीं हैं। इसके कारण कई युवा, कर्मचारी और अन्य नागरिक रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और कारोबार के लिए खंडवा, बुरहानपुर, भुसावल समेत दूसरे शहरों पर निर्भर हैं। पर्याप्त रेल सुविधाएं नहीं होने से इन यात्रियों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ता है। मांग पत्र में बताया गया कि क्षेत्र के करीब 1,500 से अधिक परिवारों के सदस्य रोज ट्रेन से सफर करते हैं। इनमें पुलिसकर्मी, डॉक्टर, नर्स, बैंक कर्मचारी, फार्मा और मेडिकल क्षेत्र के कर्मचारी, मार्केटिंग कर्मचारी, ड्राइवर, श्रमिक और निजी संस्थानों में काम करने वाले लोग शामिल हैं। इन परिवारों की आजीविका नियमित रेल सुविधा पर निर्भर है।

एसडीओ की पहल से किसानों को मिलेगा मुआवजा

वन भूमि के मुआवजा प्रकरणों की लंबित प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करें

झिरन्या। चित्तौड़गढ़-भुसावल राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में अधिग्रहित वन भूमि के मुआवजा प्रकरणों की लंबित प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करें। जिससे किसानों को शीघ्र ही मुआवजा राशि का भुगतान कर निर्माण कार्यों में तेजी लाई जा सकेगी। इस आशय के निर्देश एसडीओ (राजस्व) भीकनगांव लोकेश छापरे ने जनपद सभागृह में मंगलवार को आयोजित बैठक में दिए हैं। इस मौके पर तहसीलदार खुमानसिंह सिसौदिया, जनपद पंचायत सीईओ रीमा अंसारी, राष्ट्रीय राजमार्ग के एसडीओ अविनाश सोनी, एसडीओ वन रीतेश उइके, रेंजर चिरिया पंकज रहंगडाले एवं तितरान्या रेंजर हरेसिंह सिसोदिया उपस्थित थे।

उन्हें बताया कि चिरिया बायपास में टंकी फाल्या से मस्जिद कार्नर तक 42 किसानों के प्रकरण लंबित हैं। इनमें 10 खातेदारों को वन अधिकार पत्र दिए जा चुके हैं, 10 किसानों की वन भूमि का सर्वे और 20 मामले ऑनलाइन हो चुके हैं, जबकि 2 मामले की तकनीकी समस्या दूर की जा रही है। इसी प्रकार तितरान्या में 10 प्रकरण प्रक्रिया में हैं और स्थल निरीक्षण किया जा रहा है। एसडीओ (रा) छापरे ने लंबित प्रकरणों की सिलसिलेवार समीक्षा की और निर्देशित किया कि वन भूमि के सर्वेक्षण, पट्टों के नवीनीकरण और भूमि अधिकार पत्रों की प्रक्रिया में अनावश्यक देरी सहन नहीं की जाएगी। सभी प्रकरण डीएफओ और कलेक्टर स्तर पर शीघ्र भेजे जाएं, ताकि भुगतान की कार्रवाई हो सके।

युवा संसद में परिधि प्रथम, मेहरुन्निसा द्वितीय और पूर्वी रहीं तृतीय

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



मेरा युवा भारत (माय भारत) हरदा द्वारा पी.एम. श्री कॉलेज स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय हरदा में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 के अंतर्गत युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' रहा, जिस पर जिले भर के युवाओं ने संसदीय परंपराओं का पालन करते हुए राष्ट्रीय संवाद किया। प्रतिभागियों ने मुद्दों पर खुलकर संवाद किया और आंकड़ों के साथ अपनी बात रखी।

युवा संसद में युवाओं ने मंच पर दोतरफा और प्रखर वैचारिक तर्कों के साथ अपनी बेबाक राय रखी। किसी ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव लागू होने से चुनावी और प्रशासनिक व्यस्तता में कमी आएगी, जिससे विकास कार्यों को गति मिल सकेगी। वहीं दूसरी ओर, लोकतंत्र को सशक्त बनाए रखने के लिए केवल चुनावी ढांचे में फेरबदल करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि शासन की जनता के प्रति जवाबदेही भी उतनी ही आवश्यक है। निर्णायक मंडल ने प्रस्तुति और विषय की समझ के आधार पर विजेताओं का चयन किया। इसमें परिधि भाटी ने प्रथम, मेहरुन्निसा शाह ने द्वितीय तथा पूर्वी भाटी ने तृतीय स्थान हासिल किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को अतिथियों ने ट्रॉफी व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। माय भारत की जिला युवा अधिकारी श्रद्धा मित्तल ने बताया कि ये तीनों विजेता अब भोपाल में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय चरण में हरदा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली परिधि भाटी ने कहा कि बार-बार होने वाले चुनावों के कारण देश हमेशा चुनावी मोड में उलझा रहता है। एक साथ चुनाव कराने से जनप्रतिनिधियों को नीतियां लागू करने और अपने वादे पूरे करने का पूरा समय मिलेगा। चुनावी प्रक्रिया विकास में बाधा नहीं बननी चाहिए। हमारा प्राथमिक ध्येय मूलभूत लोकतंत्र के साथ विकसित भारत का निर्माण होना चाहिए।

द्वितीय स्थान पर रहीं मेहरुन्निसा शाह ने कहा कि देश को केवल एक साथ चुनाव जैसी व्यवस्थाओं के बजाय अधिक पारदर्शी और जवाबदेह लोकतंत्र की आवश्यकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विभिन्न क्षेत्रीय मुद्दों और विचारों को उचित स्थान मिलना अनिवार्य है। मात्र चुनाव प्रणाली बदलने से तंत्र मजबूत नहीं होगा, इसके लिए जनता की सक्रिय भागीदारी और सरकारों की जवाबदेही तय होना जरूरी है। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली पूर्वी भाटी ने कहा कि एक देश-एक चुनाव की अवधारणा से समय, राजस्व और मानव संसाधन की बड़े पैमाने पर बचत संभव है। प्रशासनिक मशीनरी बार-बार चुनावी ड्यूटी में व्यस्त रहने के बजाय जनहित व विकास कार्यों पर पूरी ऊर्जा लगा सकेगी। संसाधनों का यह सदुपयोग विकसित भारत की नींव तैयार करेगा।

न्यायिक अधिकारी व कर्मचारियों के मध्य रोमांचक क्रिकेट मैच का हुआ आयोजन

रोमांचक मुकाबले में टीम अर्जुन ने टीम भीम को 6 रन से दी शिकस्त



हरदा। विभिन्न रचनात्मक, सांस्कृतिक एवं प्रोत्साहनात्मक गतिविधियों व कार्यक्रमों की श्रृंखला में गत दिवस नेहरू स्टेडियम हरदा में न्यायिक अधिकारीगण एवं न्यायालयीन कर्मचारियों के मध्य मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। क्रिकेट मैच में न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण की दो टीमों टीम-ए अर्जुन एवं टीम-बी भीम ने पूरे उत्साह व खेल भावना के साथ सहभागिता की। टीम-ए अर्जुन का नेतृत्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविंद रघुवंशी ने किया, वहीं टीम-बी भीम का नेतृत्व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लवकेश सिंह द्वारा किया गया। दोनों टीमों के मध्य खेला गया मुकाबला प्रारंभ से ही अत्यंत रोमांचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक रहा। टीम-ए अर्जुन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 03 विकेटों के नुकसान पर कुल 147 रन बनाए। टीम की ओर से न्यायिक मजिस्टेज्ट प्रथम श्रेणी संजीव राहंगडाले ने सर्वाधिक 50 रन बनाकर अपनी टीम को मजबूर स्थिति मे पहुंचाया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम भीम ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मैच के अंतिम ओवर तक मुकाबले का रोमांच बरकरार रहा। टीम भीम को जीतने के लिए अंतिम ओवर में 16 रनों की आवश्यकता थी। अंतिम ओवर में गेंदबाजी करने आए संजीव राहंगडाले ने सधी हुई एवं प्रभावी गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम को निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं करने दिया। इस प्रकार टीम अर्जुन ने रोमांचित मुकाबले में टीम भीम को 6 रन से पराजित कर विजय प्राप्त की। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी संजीव राहंगडाले को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैच के दौरान न्यायिक अधिकारीगण व कर्मचारीगण व उनके परिवार जन उपस्थित रहे तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया।